# जोधपुर में बनेगा एमआईसीई सेंटर

## चर्चा में क्यों?

26 अगस्त, 2023 को राजस्थान के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेज़बानी के लिये प्रसिद्ध जोधपुर ज़िले में भी एमआईसीई सेंटर का निर्माण होगा।

## प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में कला और व्यापार पर्यटन को बढ़ावा देने में एमआईसीई (मीटिंग इंसेंटिव कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन) सेंटर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सेंटर निर्माण के लिये 25 करोड़ रुपए की वित्तीय मंज़ूरी प्रदान की है। पर्यटन क्षेत्र में सिरमौर बनने की प्रतिबद्धता में यह निर्णय लिया गया है। इससे एमआईसीई टूरिज़्म को गति मिलेगी।
- वर्तमान में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय परिसर की कुल आवंटित 65 हज़ार वर्गमीटर भूमि में से 5650 वर्गमीटर भूमि पर एमआईसीई सेंटर का निर्माण होगा। यहाँ प्रथम चरण में एग्जीबिशन हॉल, सेंट्रल ब्लॉक (जी+2) का निर्माण होगा।
- इस ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक, वीआईपी लाउंज, ट्रेड एंड बिज़िनेस सेंटर के लिये मीटिंग स्पेस, पार्किंग एरिया सहित विभिन्न कार्य होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mice-center-to-be-built-in-jodhpur